आजादी के आठ दशक बाद भी करमऊ पाल बस्ती नहीं पहुंची सड़क

कलेक्टर से मिले स्कूली जेन अल्फ़ा बच्चे

नवभारत न्यूज

सतना, 25 अगस्त. जिले के रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करमऊ की पाल बस्ती में पक्की सड़क की मांग को लेकर मंगलवार को दर्जनों स्कूली छात्र-छात्राएं और अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे.

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बदहाल रास्ते की व्यथा सुनाते हुए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि यदि तीन दिनों के भीतर सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 29 अगस्त को चक्काजाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा. छात्रो के अनुसार बस्ती को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पक्की सड़क आज तक नहीं बन सकी है.सामान्य दिनों में धूल-मिट्टी और बारिश के मौसम में घुटने तक कीचड़ व जलभराव के चलते यह रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है.इससे ग्रामीणों का रोजमर्रा का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है.

छात्र छात्राओ ने कलेक्टर से मांग की है कि प्रशासनिक टीम मौके पर भेजकर तत्काल निरीक्षण कराया जाए और सड़क निर्माण का काम शुरू हो. छात्रों की शिकायत और चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया.

हम ग्राम करमऊ की पाल बस्ती से आए हैं.हमारी बस्ती में कई दशकों से लोग रह रहे हैं, लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी। तहसील, पंचायत और सरपंच तक हर जगह आवेदन दिए, पर सुनवाई नहीं हुई.मजबूरन आज हम कलेक्टर साहब के पास आए हैं.

दुर्गेश पाल
ग्रामीण

हम करमउ से आए हैं.हमारे यहां सड़क नहीं बनी है, उबड़-खाबड़ रास्ता है.बारिश के समय स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी होती है और हम स्कूल नहीं जा पाते हैं.हमारी मांग है कि हमारे यहां सड़क बनवाई जाए.

सोनाक्षी पाल
छात्रा कक्षा चार

स्कूल तक पहुंचना बना चुनौती, पढ़ाई प्रभावित

रास्ते की बदहाली का सर्वाधिक खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है .जनसुनवाई में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने बताया कि बारिश के दिनों में रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है .कीचड़ के कारण वे न तो समय पर स्कूल पहुंच पाते हैं और न ही नियमित कक्षाएं ले पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है .

मां शारदा मंदिर सड़क मार्ग पर दिखा तेंदुआ

वैन मार्ग से गुजर रहे श्रद्धालुओं ने बनाया वीडियो

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. मैहर स्थित त्रिकूट पर्वत सहित आस पास के क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट पिछले काफी दिनों से रह रह देखने को मिल रहा है. इसी कड़ी में मां शारदा मंदिर की पहाड़ी के सड़क मार्ग पर एक बार फिर से तेंदुआ चहलकदमी करता दिखाई दिया. हलांकि फिलहाल तेंदुए द्वारा किसी पर हमला करने की घटना सामने नहीं आई है. लेकिन इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं सहित आस पास के रहवासियों में डर बना हुआ है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मां शारदा मंदिर की पहाड़ी पर चढ़ने के लिए बने सड़क मार्ग पर श्रद्धालुओं को लेकर जा रही वैन के चालक ने अचानक वाहन रोक दिया.

सामने सड़क पर कुछ दूर आगे एक तेंदुआ चहलकदमी करता दिखने से वैन सवार श्रद्धालु कुछ देर के लिए सहम गए. लेकिन तेंदुए ने वैन की ओर ध्यान नहीं दिया और अपनी गति से आगे बढ़ता चला गया. जिसके कुछ देर बाद चालक वैन को आगे ले गया. लेकिन इस दौरान एक श्रद्धालु ने सड़क से गुजर रहे तेंदुए का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया में जमकर वाइरल होने लगा.

पहले भी कई बार दिखाई दिया

मैहर मंदिर की पहाड़ी से लेकर आस पास के जंगल में तेंदुए का मूवमेंट पिछले कई दिनों से देखने को मिल रहा है . अभी 2 महीने पहले ही फलाहारी आश्रम परिसर में भी तेंदुए को चहलकदमी करते देखा गया था . जिसके चलते वन विभाग द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई थी . वन विभाग के अनुसार गर्मी में भोजन-पानी की तलाश में तेंदुए की आवाजाही देखी गई थी . वहीं अब दो महीने बाद एक बार फिर से मूवमेंट देखने को मिला . लिहाजा स्थिति पर निगरानी करने के साथ ही आस पास के लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा जा रहा है .

आखिरकार खिसकाना पड़ा ट्रांसफॉर्मर

कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा था विरोध

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. पिछले दिनों हुई जबरदस्तम बारिश के चलते शहर के पन्ना नाक क्षेत्र में स्थित पूजा हास्पिटल के निकट स्थित ट्रांसफार्मर गिरने के कगार पर पहुंच गया था. हलांकि विद्युत अमले द्वारा समय रहते उसे डिसमेंटल कर दिया गया. लेकिन टांसफार्मर को वापस खड़ा करने में कई लोग बाधक बनकर खड़े हो गए.

पन्ना नाका क्षेत्र में पूजा हास्पिटल के निकट स्थित 200 केवीए का ट्रांसफार्मर 20 अगस्त को गिरने के कगार पर पहुंच गया था. लेकिन सूचना मिलने पर विद्युत अमले ने समय रहते मौके पर पहुंचकर उसे डिसमेंटल कर दिया. लेकिन विद्युत अमले के सामने असली परेशानी तब शुरु हुई जब वे ट्रांसफार्मर को वापस लगाने लगे. बताया गया कि निकट स्थित कार वाशिंग सेंटर के संचालक द्वारा कड़ी आपत्ति जताई गई. इतना ही नहीं बल्कि विद्युत अमले को ट्रांसफार्मर लगाने से रोक दिया गया. नतीजतन हास्पिटल समेत आस पास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित बनी रही. जिसे देखते हुए सहायक अभियंता अनुरक्षण द्वारा तहसीलदार रघुराजनगर को पत्र लिख कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की. जिसके चलते तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति को समझने का प्रयास किया गया. लेकिन कार वाशिंग संचालक द्वारा इस बार भी ट्रांसफार्मर लगाने से साफ इंकार कर दिया गया. हलांकि ट्रांसफार्मर शासकी भूमि पर ही लगाया जा रहा था. लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग अड़े रहे. काफी समझाइस के बावजूद भी जब सहमति नहीं बनी तो फिर ट्रांसफार्मर को खिसकाकर नाले के किनारे एक कोने में ले जाया गया.

परीक्षा देकर लौट रहे युवकों से हाइवे पर लूट

- **नाबालिग सहित 3 आरोपी गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. ग्रुप डी की परीक्षा देकर जबलपुर से मिर्जापुर की ओर लौट रहे दो युवकों को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लूट लिया गया. मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. जिनके पास से लटा गया सामान बरामद कर लिया गया.

थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारकला लालगंज मिर्जापुर निवासी जितेंद्र कुमार पटेल 26 वर्ष अपने मामा के लड़के रोहित पटेल के साथ ग्रुप डी की परीक्षा देने के लिए जबलपुर गए थे. परीक्षा में सम्मिलित होने के पश्चात दोनों युवक बाइक पर सवार होकर मिर्जापुर की ओर लौट रहे थे. रात के लगभग साढ़े 9 बजे वे एनएच 30 पर शारदा ढाबा के निकट पहुंचे वैसे ही बाइक सवार 3 लोगों ने उन्हें ओवरटेक करते हुए रोक लिया. आरोपियों ने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली और मारपीट करने लगे. जिसके बाद बैग की तलाशी लेते हुए उसमें रखी 2 हजार रु, पावर बैंक और मोबाइल लूट लिए. लूटने के बाद धमकाते हुए आरोपी फरार हो गए. उननक चले जाने के बाद दोनों युवकों ने थाने पहुंचकर शिकायत की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की. इसी दौरान संदेह के आधार पर मोहम्मद इरफान 22 वर्ष और विकास कुशवाहा 18 वर्ष दोनों निवासी अमरपाटन समेत 1 नाबालिग को दबोच लिया गया. पूछताछ में लूट की घटना को स्वीकार करने के साथ ही आरोपियों ने बरामदगी भी करा दी.

हमें सड़क की सख्त जरूरत है.सड़क खराब होने के कारण स्कूल जाने में बहुत दिक्कत होती है और लगातार एब्सेंट लग रहे हैं,जिससे हमारी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है. हम 10वीं कक्षा में हैं और इससे हमारा रिजल्ट भी खराब होगा.

नीशू पाल
छात्रा कक्षा 10वीं

हमारे गांव में रास्ता नहीं है. सड़क न होने की वजह से स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी होती है . जब से बरसात शुरू हुई है, हम सही तरीके से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं

पूजा पाल
कक्षा 11 वी

जन स्वास्थ्य के लिए अब जलवायु परिवर्तन भी चुनौती, संयुक्त कार्ययोजना की आवश्यकता

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, अत्यधिक गर्मी और मौसम चक्र में बदलाव सहित अन्य जलवायु परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ रहा है.

जल जनित बीमारियां, श्वास संबंधी समस्याएं और हीट वेव जैसी परिस्थितियां जन स्वास्थ्य के लिए खासी चुनौती बनने लगी हैं. इस विषय को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बहु-विभागीय कार्यशाला में समयबद्ध निगरानी, सुदृण सूचना तंत्र और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर चुनौतियों से निबटने की आवश्यकता पर बल दिया गया.

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के सभागार में जिला स्तरीय बहु-विभागीय कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप गौतम द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ जलवायु परिवर्तन से जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों और उनसे प्रभावी ढंग से निबटने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने केक संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई. डॉ. गौतम ने बताया कि जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा, बल्कि अब जन स्वास्थ्य के लिहाज से गंभीर पहलू बन चुका है. मौसम चक्र में परिवर्तन से जल जनित बीमारियां, श्वास संबंधी समस्याएं और हीट वेव के दुष्प्रभाव प्रत्यक्ष तौर पर मानव स्वास्थ्य पर नजर आने लगे हैं. जिसके चलते अचानक ही स्वास्थ्य पर संकट अथवा आपात परिस्थितियों के सामने आ जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. लिहाजा इसके संभावित दुष्प्रभावों को कम करने के लिए सभी विभागों को साझा रणनीति बनाकर जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा. सभी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में भी इस विषय के प्रति आम जन को जागरुक करने की आवश्यकता है. अधिक से अधिक जनजागरुकता जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में कारगर भूमिका निभा सकती है.

प्रभावी समन्वय का संकल्प

आयोजित कार्यशाला में आपदा प्रबंधन राहत, नगर निगम, शिक्षा, वन, श्रम एवं उद्योग, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और जागृति युवा मंच के प्रतिनिधियों समेत जिला चिकित्सालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी सहभागिता निभाई . इस अवसर पर सभी ने एकमत होकर जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों को कम करने के लिए समन्वित और प्रभावी प्रयास का संकल्प लिया गया .

सांसद ने किया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 25 अगस्त. बुधवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन 650 बिस्तरीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का सांसद गणेश सिंह ने औचक निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने संविदाकार और अधिकारियों को निर्माण कार्य में उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए.

चार खंडों में बन रहे इस सात मंजिला अस्पताल का ए खंड तैयार हो चुका है, जबकि बाकी खंडों का निर्माण जारी है.अधिकारियों के मुताबिक नवंबर 2027 तक निर्माण पूरा कर जनवरी 2028 से अस्पताल का पूर्ण संचालन शुरू कर दिया जाएगा. सांसद ने यह भी बताया कि मरीजों और परिजनों को शहर के ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बायपास से बिरहुली-सकरिया नहर के रास्ते मेडिकल कॉलेज तक एक नया वैकल्पिक मार्ग तैयार कराया जा रहा है.इस मार्ग के तैयार होने से सतना और आसपास के जिलों से आने वाले गंभीर मरीजों, परिजनों और मेडिकल छात्रों को शहर की भीड़भाड़ में फंसे बिना सीधे अस्पताल पहुंचने की बेहतर सुविधा मिलेगी.

सांदीपनि विद्यालय बगहा में बाल कैबिनेट का गठन हुआ

छात्र स्वयं संचालित करेंगे गतिविधियां

नवभारत न्यूज

सतना, 25 अगस्त. शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगहा के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की नियमानुसार आज 25 अगस्त 2026 को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगहा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया।

इस बाल कैबिनेट में छह पद पर चुनाव हुआ और क्रमश: विजयी छात्रों के नाम इस प्रकार हैं- प्रधानमंत्री- सागर सिंह, शिक्षा मंत्री- अभिषेक त्रिपाठी, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री- कानन प्यासी,जल संसाधन एवं स्वच्छता मंत्री- शुभी त्रिपाठी, स्वास्थ्य मंत्री -शौर्य सोनी, पर्यावरण मंत्री-आनंद सिंह पटेल प्रधानमंत्री के पद के लिए 14 उम्मीदवार और जल संसाधन एवं स्वच्छता मंत्री के लिए चार उम्मीदवार, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री के पद के लिए चार उम्मीदवार, स्वास्थ्य मंत्री के लिए तीन उम्मीदवार, पर्यावरण मंत्री के लिए तीन उम्मीदवार,शिक्षा मंत्री के लिए चार उम्मीदवार थे।

बाल कैबिनेट के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ यह पूरी बाल कैबिनेट की प्रक्रिया संस्था के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा जी के निर्देशन में हुई तथा सभी शिक्षक बाल कैबिनेट के गठन में सहयोग किये और सभी विजेता छात्रों को संस्था प्राचार्य और सभी शिक्षकों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

एक नजर में

बालिकाओं ने कलेक्टर को बांधी स्वनिर्मित राखी

सतना . कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय श्यामनगर छात्रावास की बालिकाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की कलाई पर अपने हाथों से बनाई गई राखी बांधी। बालिकाओं ने देश की सरहद पर तैनात सेना के जवानों के लिए भी स्वनिर्मित राखियां भेजीं। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक श्रीमती नीलम कुशवाहा, वार्डन श्रीमती चारुलेखा बढ़ोलिया सहित छात्रावास की बालिकाएं उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री से मिले महापौर

सतना . भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने आत्मीय भेंट कर प्रदेश एवं सतना शहर के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया।

भारती दीक्षित सम्मानित

सतना . रामनगर जनपद पंचायत सीईओ भारती दीक्षित को मिला 'बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द वीक' सम्मान, मैहर कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित.

नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

सतना, अग्रवाल समाज सतना द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबंधन के दिन किया गया है। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जनकीकुंड के सहयोग से समाज सेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन मे नेत्र शिविर अमृत वाटिका में प्रात: 9:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा। नेत्र शिविर में विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच कर नजर के चश्मे मुफ्त बांटे जाएंगे एवं मरीजों को दवाइयां भी प्रदान की जाएगी। आयोजक मंडल के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि जो मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित होंगे उनको नि:शुल्क ऑपरेशन एवं प्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ले जाया जाएगा। कैंप कोऑर्डिनेटर पंडित भीषम शुक्ला ने कहा कि नि:शुल्क इलाज हेतु मरीजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना अनिवार्य है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक का जिला सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना, 25 अगस्त. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एटक मध्य प्रदेश, सतना का जिला सम्मेलन अमृत वाटिका में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश महासचिव कामरेड विभा पांडे ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कामरेड विभा पांडे ने कहा कि आंगनवाड़ी विभाग बने 75 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न तो न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है, न पेंशन की व्यवस्था की गई है और न ही पीएफ एवं ग्रेच्युटी जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है। इसके बावजूद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से पूर्णकालिक कर्मचारियों के समान कार्य लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को संगठित होकर एकता कायम करनी होगी। जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारों की लड़ाई दो स्तरों पर लड़नी होगी—एक कानूनी लड़ाई न्यायालय के माध्यम से तथा दूसरी एकजुट होकर मैदान में उतरकर। उन्होंने विश्वास जताया कि एटक यूनियन दोनों मोर्चों पर संघर्ष को आगे बढ़ाएगी।

रक्षाबंधन पर सतना संभाग के डाकघरों में विशेष व्यवस्था

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. आगामी रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए आमजन की सुविधा तथा राखी एवं अन्य डाक सामग्री की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए सतना संभाग डाक विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के अवसर पर सतना संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रधान डाकघर, मुख्य डाकघर एवं उपडाकघर आवश्यक सेवाओं के लिए खुले एवं कार्यरत रहेंगे। राखी भेजने वाले लोगों को बुकिंग एवं पार्सल प्रेषण में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा देश के विभिन्न स्थानों पर राखी समय पर पहुंच सके, इसके लिए डाक विभाग ने विशेष तैयारियां की हैं। डाक विभाग द्वारा जारी विशेष व्यवस्था के तहत बुधवार 26 अगस्त 2026 को अवकाश के दिन भी सतना संभाग के समस्त डाकघर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ खुले रहेंगे।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में प्रवेश से पहले होगी त्रि-स्तरीय जांच

- **परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से 90 मिनट पहले पहुंचना होगा, 7 से 12 सितंबर तक होगी परीक्षा**

नवभारत न्यूज

सतना 25 अगस्त. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 सितंबर से 12 सितंबर 2026 तक किया जाएगा।

परीक्षा प्रतिदिन एक सत्र में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑफ्लाइन पद्धति से आयोजित होगी। परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने परीक्षा केन्द्रों पर नवीन त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की है। इस प्रक्रिया के तहत परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, ई-प्रवेश पत्र की स्कैनिंग तथा एचएचएमडी के माध्यम से प्रिस्किंग की जाएगी। साथ ही वीओआईपी व्यवस्था भी रहेगी। यह पूरी प्रक्रिया आयोग द्वारा अनुबंधित एजेंसी (ददवअंजपअपमू प्दकपं स्पउपजमक) के माध्यम से संचालित की जाएगी। सतना जिले में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 के लिए परीक्षा केन्द्र क्रमांक 7/1, शासकीय गर्ल्स महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल स्टेशन रोड सतना निर्धारित किया गया है। केन्द्र अधीक्षक के रूप में सुरेश कुमार सिंह की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेऊट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचकर जांच एवं प्रवेश की प्रक्रिया में सहयोग करें तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय से 90 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अनुमत एवं प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची प्रदर्शित की जाएगी। परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। एचएचएमडी के माध्यम से प्रिस्किंग के दौरान पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों तथा महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा निर्धारित केबिन में की जाएगी।

ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को महिला अथवा पुरुष कर्मचारी में से अपनी पसंद के अनुसार प्रिस्किंग कराने का विकल्प दिया जाएगा।